Title: Need to declare Runnisaidpur - Pupri - Sursand - Bela and certain other State Highways in Bihar as National Highways.

श्री नवल किशोर राय (सीतामढ़ी) : अध्यक्ष महोदय, भारत नेपाल की सीमा से सटे, उत्तरी बिहार में आवागमन की भारी किल्लत है। इस क्षेत्र में सड़कों का अभाव तो है ही, पर जो सड़कें हैं, वे आने-जाने लायक नहीं हैं। उपजाऊ मिट्टी, जल की भरमार और मेहनतकश, मुसीबतें झेलने के आदी लोग होने के बावजूद यह क्षेत्र आज भी अविकसित बना हुआ है। रुन्नी सैदपुर, पुपरी, सुरसण्ड, परिहार, बेला रोड, उत्तरी बिहार के मुजफ्फरपुर, दरभंगा, मधुबनी व सीतामढ़ी तक जाती है। इसी प्रकार दूसरी सड़क राज जानकी रोड है, जो यू.पी. अयोध्या से जनकपुर (नेपाल) तक, देश के अनेक बड़े शहरों से गुजरती हुई जाती है। इसी तरह तीसरी सड़क दरभंगा से सीतामढ़ी जाती है, जो नेशनल हाईवे नं. 77 तथा नेशनल हाईवे नं. 57 को आपस में जोड़ती है। दरअसल ये सड़कें आज दयनीय हालत में हैं। बिहार राज्य सरकार ने भी इन सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्ग का दर्जा देने का आग्रह किया है।

मैं भी सरकार से अनुरोध करता हूं कि वह इन सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्ग का दर्जा दें ताकि इनका रखरखाव, विकास व विस्तार समुचित प्रकार से सम्पन्न हो सके।

16.02 hrs.

DISCUSSION UNDER RULE 193